जियो पारसी योजना पोर्टल

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में **अल्पसंख्यक मामलों** के मंत्री ने पारसी दंपत्तियों को जियो पारसी योजना हेतु आवेदन की सुविधा प्रदान करने के लिये **जियो पारसी योजना पोर्टल का शुभारंभ किया।**

जियो पारसी योजना:

- यह एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** है जिसे **वैज्ञानिक प्रोटोकॉल और संरचित हस्तक्षेपों** का उपयोग करके **भारत में पारसी समुदाय की घटती जनसंख्या की समस्या से निपटने के लिये क्रियान्वित किया गया है।**
- यह **पारसी दंपत्तियों को** मानक चिकित्सा प्रोटोकॉल के तहत चिकित्सा उपचार के लिये **वित्तीय सहायता प्रदान करेगा,** साथ ही **बच्चों की देखभाल और आश्रित वृद्धजनों** को सहायता भी प्रदान करेगा।
    - लाभार्थी और आवेदक अपने आवेदन की स्थिति की जाँच कर सकेंगे तथा **प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मोड** के माध्यम से ऑनलाइन वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकेंगे।
- वर्ष 2013-14 में अपनी शुरुआत के बाद से इस योजना ने **400 से अधिक पारसी बच्चों को सहायता प्रदान की है।**

और पढ़ें: अल्पसंख्यक समुदायों के लिये कल्याणकारी योजनाएँ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jiyo-parsi-scheme-portal